प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 30.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड आज एक दिन के दौरे पर जयपुर पहुंचे। वे यहां पूर्व विधायक **संघ** की ओर से आयोजित समारोह में भाग ले रहे हैं। कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब में हो रहे इस कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित विधायक और जनप्रतिनिधि शिरकत कर रहे है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि अभिव्यक्ति को व्यक्त करने के लिए वाद विवाद जरूरी है और लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

00000

कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरडा आज सेवानिवृत्त हो रहे है। उनका विदाई समारोह जयपुर स्थित एसीबी मुख्यालय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बडी संख्या में पुलिस अधिकारी और विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। इस बीच नये पुलिस महानिदेशक को लेकर राज्य सरकार आज नाम की घोषणा कर सकती है।

0000

कैलाश मानसरोवर यात्रा आज से शुरू हो रही है। पांच सालों के अंतराल के बाद इस साल यह यात्रा सिक्किम में नाथुला पास और उत्तराखंड में लिपुलेख पास के मार्ग से आयोजित की जायेगी। कोरोना महामारी के कारण वर्ष 2020 में इस यात्रा को स्थगित कर दिया गया था। विदेश मंत्रालय के अनुसार यह यात्रा जून, जुलाई और अगस्त महीने में जारी रहेगी। दूसरी ओर उत्तराखंड में तेज बारिश के कारण रोकी गई चार धाम यात्रा आज फिर से शुरू हो गई। गढ़वाल के आयुक्त विनय शंकर पांडे ने बताया है कि यात्रा मार्ग पर जिलाधिकारियों को वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस बीच पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण क्षेत्र में प्रमुख नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन के कारण 100 से ज्यादा सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं।

0000

अजमेर स्थित ख्वाजा मोहनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर मोहर्रम के सिलसिले में मिनी उर्स में शामिल होने को लेकर देश–प्रदेश के जायरीन पंहुच रहे है। कल दरगाह पर अलम का जुलुस निकाला जायेगा। दरगाह स्थित बाबा फरीद का चिल्ला आज से तीन दिन के लिए जियारत के लिए खोल दिया गया है। रोडवेज ने उर्स में आने वाले जायरीन की सुविधा के लिए 15 विशेष बसें शुरू की है।

00000

जैसलमेर में रोजगार कार्यालय की ओर से आज राज्यस्तरीय विशेष शिविर लगाया गया है। शिविर में पात्र युवाओं का सुरक्षा सेनिक के साथ ही सुपरवाइजर और सुरक्षा अधिकारी के लिए चयन किया जायेगा। शिविर में रजिस्ट्रेशन कर भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली और केन्द्र के ग्लोबल स्किल इंडिया डवलपमेन्ट की ओर से भर्ती परीक्षा ली जा रही है। चयनित युवाओं को एक महीने का सुरक्षा प्रशिक्षण दिया जायेगा।

00000

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से स्वच्छ भारत मिशन के तहत कल से बांसवाडा सहित कई शहरों में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान चलाया जायेगा। एक महीने तक चलने वाले अभियान का उद्देश्य लोगों को मानसून के दौरान स्वच्छता अपनाने और शहर साफ रखने के लिए प्रेरित किया जायेगा। अभियान के दौरान मौसमी बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी।

0000

स्वतंत्रता आंदोलन में संथाल लोगों द्वारा दिए गए बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आज हूल दिवस मनाया जा रहा है। तीस जून, 1855 को शुरू हुए इस ब्रिदोह को संथाल हूल के नाम से भी जाना जाता है। यह ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन की दमनकारी नीतियों और साहूकारों द्वारा किए जाने वाले शोषण के विरूद्ध एक महत्वपूर्ण विद्रोह था। सिद्धू और कान्हू मुर्मू के नेतृत्व में संथालों ने अन्याय और अपने अधिकारों की लड़ाई में जनजातीय युवाओं को बड़ी संख्या में प्रेरित किया। यह विद्रोह भारत के स्वाधीनता संग्राम में एक महत्वपूर्ण घटना थी। इस विद्रोह को जनजातीय अधिकारों पर प्रभावशाली और जमीनी स्तर के नेतृत्व के लिए याद किया जाता है।

00000

पूर्वी राजस्थान के अधिकांश भागों में बारिश की गतिविधियों में कल से बढ़ोतरी होने की संभावना है। मानसून के आगामी एक सप्ताह तक प्रदेशभर में सक्रिय रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 2 जुलाई से पश्चिमी राजस्थान के कुछ भागों में भी बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की प्रबल संभावना है। इस बीच मानसून के बादल आज चूरू और आसपास के जिलो में सक्रिय है। चूरू मे कल शाम से चल रहा वर्षा का दौर आज भी रूक–रूक कर जारी है। उदयपुर संभाग में भी कई स्थानों पर रिमझिम बरसात हो रही है। डूंगरपुर में बीती रात तेज बारिश रिकॉर्ड की गई। भरतपुर और पूर्वी जिलों में भी सुबह से रूक–रूक कर बरसात का दौर चल रहा है।

00000